डीडीयू के बीच लिया गया ...

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## आवश्यक सूचना

ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा समिति का प्रतिनिधि बनकर आमजनों से फोन कॉल के माध्यम से पैसे की मांग की जा रही है तथा उनके द्वारा गलत रूप से संबंधित छात्र–छात्राओं का इंटरमीडिएट/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 का प्राप्तांक बढ़ाने का प्रलोभन दिया जा रहा है। यह पूर्णतः गलत, अवांछनीय तथा गैरकानूनी है, जिसके लिए ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इंटरमीडिएट/वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाएं पूरी तरह बारकोडेड हैं और उनकी गोपनीयता अक्षुण्ण है। इस प्रकार, छात्र/छात्राओं की उत्तरपुस्तिकाएं पूरी तरह गोपनीय हैं। किसी भी स्तर से उत्तरपुस्तिकाओं में अंक परिवर्तित करना संभव नहीं है। इससे स्पष्ट है कि असामाजिक तत्वों द्वारा अवांछित कृत्य करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें समिति के किसी भी कर्मी की किसी स्तर पर संलिप्तता नहीं है।

2. अतः सर्वसाधारण से अपील है कि यदि उनके पास उपरोक्त के संबंध में यदि कोई फोन कॉल आता है तो वे तुरंत स्थानीय थाना में उक्त फोन नंबर देकर ऐसे लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करावें अथवा संबंधित साईबर क्राईम सेल में शिकायत करें। किसी भी परिस्थिति में ऐसे असामाजिक तत्वों के झांसे में न आएं। साथ ही, यह भी अनुरोध है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के बारे में समिति को भी सूचित करें ताकि उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके।

सचिव

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 98/2024

Scanned with CamScanner